SCHOOL

और दीदी स्कूल जाने लगी

1 / 8

एक गाँव में एक लड़का और उसका परिवार रहता था। उसके परिवार में दादा, दादी, माँ और दीदी थे। भाई-बहन दोनों साथ-साथ स्कूल में पढ़ते थे।

2 / 8

एक दिन उसकी माँ ने काम के बीच उसकी बहन को घर पर रुकने के लिए बोला। तब लड़का बोला, "माँ, आज दीदी स्कूल क्यों नहीं जा रही है?" माँ ने जवाब दिया, "आज घर पर बहुत काम है इसलिए दीदी स्कूल नहीं जाएगी।" इस तरह कुछ दिन बीत गए।

3 / 8



एक दिन फिर उस लड़के ने माँ से पूछा, "माँ, दीदी स्कूल क्यों नहीं जाती?" तब माँ ने कहा, "बेटा, तुम स्कूल जाओ, दीदी पढ़ कर क्या करेगी?" लड़का दुखी होकर स्कूल चला गया।

4 / 8

एक दिन स्कूल में उसकी टीचर बोली, "बेटा, तुम रोज़ स्कूल आते हो लेकिन तुम्हारी दीदी क्यों नहीं आती?" उस लड़के ने टीचर को बताया कि माँ बोलती है कि दीदी पढ़ कर क्या करेगी? यह सुनकर उसकी टीचर बोली, “बेटा, अपनी माँ से कहना कि वह कल आकर मुझसे बात करें।”

5 / 8

जब उस लड़के ने अपनी माँ को टीचर की बात बताई तब उसकी माँ ने कहा कि उनके पास स्कूल जाने का समय नहीं है। अगले दिन उस लड़के ने मैडम को सारी बात बताई। फिर उसकी टीचर उसके घर गई।

6 / 8



घर जाकर उन्होंने उसकी माँ को समझाया कि जैसे लड़कों का पढ़ना ज़रूरी है, वैसे ही लड़कियों का भी पढ़ना ज़रूरी है। एक लड़की पढ़ लिख कर पूरे घर को अच्छे से संभाल सकती है।

7 / 8

टीचर की बात लड़के की माँ को समझ में आ गई और उन्होंने अपनी बेटी को रोज़ स्कूल भेजना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे उनको देखकर गाँव के सभी लोग अपने बच्चों को रोज़ स्कूल भेजने लगे और फिर उनका गाँव बदलने लगा।

8 / 8